Sir, Now I come to the issue of representation. The Standing Committee also wants to give representation to others. But I would like to request that the Committee should consist of agriculturists in that area. They should be co-opted. When licence is asked for in that particular area, then the area Panchayat, the local Panchayati Raj institutions should be represented. They should get the clearance and normally they would get it. They should be represented when they are deciding it. Also, the neighbourhood agriculturists should be heard, they should get the permission in writing and they should be compensated if something wrong has happened to them. Therefore, simply having some rotational method and having four members to represent the coastal area on rotation basis means somebody will be sitting there but he will not be concerned about these agriculturists.

As far as registration is concerned, no doubt, it is given there. There may be an existing form, and therefore, a provision is made. In clause 13(2), a person who is continuing the business, even without registration he can continue for three months. This provision will be exploited, throughtout, by the people who want to have the illegal aquaculture.

Sir, in the same way, I would like to mention about the punishment provision. When we go to section 15 of the Environment Protection Act

1956, 5 years' punishment and one lakh of rupees as fine is given, and also the continuance will be compensated by way of Rs. 5,000 per day. But now, here, in Clause 14, they want to give punishment only for a period of three years and one lakh of rupess as fine, and there is no fine for continuance. They also want to restrict the public to go to the courts against these types of activities. Therefore, a provision has been given in section 15 that no court shall take cognizance of an offence under section 14 without a written complaint filed by an officer of the Authority authorised in this behalf by it. This means the cognizance of the offence is now being taken away, as written complaint by an authorised officer is now the only basis, allowing the ordinary agriculturists or environmentalists from not seeking the help of court of law. All other provisions are rule-making provisions and they have made them part of the section.

Finally, they have given another exemption in Clause 27, "notwithstanding anything contained in clause (v) of sub-section (2) of section 3 of the Environment (Protection) Act....". They want to give those powers also. Therefore, when they are giving powers to the Authority of the Environment Protection Act, then why should not there be a simple amendment. Sir, even though I support the Bill brought before this august House, at the same time, I would request the hon. Minister and the Government to protect the interests of the agriculturists. The Government should also protect the sea-life that also will be spoiled by putting the chemicals during this formation of particular aqua-culture farm. With these words, I thank you for having given me an opportunity to speak on this Bill.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Seelam, would you like to participate in the discussion, or, you just want to support it?

SHRI JESUDASU SEELAM (Andhra Pradesh): Sir, I rise to support this Bill but, though you, I would like to apprise the hon. Members about the plight of the farmers of aquaculture because we have certain concerns. Sir, in the last ten years, this aquaculture has assumed a very significant role especially in the coastal regions of Andhra Pradesh like Guntur, Krishna, East-Godavari and Eluru, etc. from where I come. Sir, ten years back, if you kindly recall, as I was telling, because of the neglect of agriculture, because of non-investment in the agriculture sector, many farmers were given to take up cash crop cultivation. As a part of this tendency, they started aquaculture near the creek waters – the water where the seawaters meet the fresh water – on the banks of the Krishna and near the Buckingham Canal. Lakhs and Lakhs of acres have been brought into aquaculture in that region. In the initial stages, because of the freshness of the soil,

because of the absence of virus, the results were encouraging. This was the main source of employment generation even to the educated also. A lot of fishermen were also getting benefited and a large number of agricultural labourers started getting employed in this sector. Not only the big farmers, even the small and the marginal farmers also took to aquaculture. What happened is, over a period of, say, 10 years, the situation is qualitatively changed. There is a crisis in this sector. The initial results were very good. But, later on, this is what is called the tendency of the farmers, if one farmer starts the cold-storage and he gets success, everybody goes for the same thing, there is a mushrooming of aquaculture. The small farmers sold their little land. They either purchased the land or took it on lease. The investment was very heavy because of the CRZ, the coastal regulatory zone. It was prescribed that near 500 meters, nothing can be cultivated. But, in practice, the revenue authorities did permit it in the earlier stages because the creek waters were available, the waters where the fresh water and the salt water properly mix, were available within the 500 meters. Once they dig bore wells or arrange for fresh waters, the revenue authorities started harassing. This is one area. Secondly, the price, especially, of the prawn is very fluctuating in the international market. This is mainly sent to Japan and other markets. Because of the anti-dumping laws, the export duty was raised to discourage the Indian prawn, they say that qualitatively, it is of a slightly lower grade. Again, the MPEDA, Marine Products Exports Development Authority, did take some steps. But its intervention was not up to the mark, as expected by the farmers, number one, in the area of research and development, number two, in the area of scientific management of the aquaculture farming. Because of the mushrooming, because of the non-scientific method of cultivation, the yield and the productivity is reduced, the cultivation became very costly, and the bankers, who were very enthusiastic in the initial years, because of the low returns, have started going back. They are not encouraging them now. So, the end result is that those who showed enthusiasm in the initial years, they have got beaten because of losses. Those vast stretches of land have become totally useless because they cannot produce any other crop because of salinity. Sir, for bringing them back to cultivation, say, for instance if we want to grow rice, we have to treat them with gypsum. With one coat of gypsum you have to keep for six months with watering; then second coat of gypsum is needed to desalinated that land. Then only, any crop can be grown. Now, the problem is whoever have left, have left. At least, the people, who are still cultivating, need to be supported by proper intervention. One there is a need to reduce this 500 metre-zone, because you really do not

have the creek water outside that, it falls within that 500 meters Because it falls in the CRZ (Coastal Regulatory Zone), the bankers are not giving any assistance to farmers These are some of the problems and some of the issues being faced by them. We need more interventions by MPEDA for proper guidance, just like we do for intense agriculture. They need guidance Proper scientific management should be there, and that is possible only with the intervention of the Government The hon. Minister, who is at the helm of affairs, is well-versed with these problems of aquaculture farming The farming community, especially those who are engaged in aquaculture farming, is expecting a lot from the hon. Minister. We need this distance to be reduced; the loans to be expedited by proper intervention; and special emphasis should be given to the existing industry. That is what I wanted to say. Thank you, Sir

SHRI VASANT CHAVAN (Maharashtra): Thank you, Sir, for giving me this opportunity. Sir, at the very outset, I congratulate the Minister, Shri Sharad Pawarji, for bringing this Bill to this august House. At least after ten years, since the Supreme Court had given the judgement in 1994, the Bill has come to this House; it was lingering for the last five years in Committees and sometimes in the House. Finally, the community of fishermen in India, particularly in coastal areas, will find an outlet of a Bill, outlet of a law, by which they can operate correctly The judgement created a panic It has created an atmosphere that all aquaculture farms, except traditional and improved traditional in the coastal areas shall be closed; it shall not give permission to any other new farm to come and if at all it comes, it has to go through very strict regulations, very strict conditions. Nearly 4,00,000-5,00,000 people were dependent on this business -- three lakh officially. But there are more people Who did not come forward, the Government might not have counted them. A large population is dependent on this business, particularly in southern area. We are worried about it. So, the Government came in between and brought this legislation. The hon. Minister had pondered over it very specifically and brought this Authority. The Authority has been given very wide powers, and when wide powers are there, naturally, they have to be used very carefully.

Clause 11 of the Bill provides that the Authority shall have various functions *inter alia*, to make regulations for construction and operation of aquaculture farms; their registration; their removal; their demolition for specific reasons, and many other conditions to be laid upon. The Government was worried about the fishermen community and the business

also. My State of Maharashtra has also nearly 800 KMs length of coastal area. I would be thankful if the Authority can take a programme to help other areas where there is no aquaculture farming. I would like to know whether it can give some financial assistance, or whether it can sponsor some programmes.

At the same time, I also request that cooperatives should be given some preference in this matter. Private individuals, private companies and private sector are there, but the base is fishermen. So, fishermen cooperatives are brought and Government tries for it, gives possession to them, gives concessions to them. Then, the whole picture will change to some extent because it is export-oriented business and this business has bright future. It can expand much better. So, naturally it should be looked at with some modern attitude. Regulating the whole matter by legislation and by an authority is essential, as the Supreme Court has given decision. But apart from it, if the Government plans out for the expansion of this business for the coastal people; for the enhancement of this business for the coastal people, gives inspiration to cooperatives and gives inspiration to other coastal belts where this business can be floated, I shall be thankful for that.

श्री शरद पवार: महोदय, मुझे खुशी है कि कई माननीय सदस्यों ने कई अच्छे सुझाव और सूचनाएं इस अथॉरिटी के अमल में करने की आवश्यकता है, इस बारे में दिए। यह बात सच है, जैसा मैंने शुरू में कहा कि 6000 करोड़ का एक्सपोर्ट आज इस क्षेत्र का है, मगर साथ-साथ यह बात भी सच है कि आज कई नए देश, इस क्षेत्र में, बहुत बड़े पैमाने पर आगे आ रहे हैं। वियतनाम जैसा देश, जो हमसे बहुत छोटा देश है, मगर पिछले दो-तीन सालों में इस क्षेत्र में उसने जो काम किया है, इससे उसका एक्सपोर्ट हमसे ज्यादा बढ़ गया है। अभी कुछ हफ्ते पहले मुझे चीन जाने का मौका मिला और इस क्षेत्र में चीन क्या करता है, वह देखने का भी मुझे मौका मिला। मेरे सामने यह बात आई कि चीन ने इस क्षेत्र में बहुत अच्छा काम किया है और दुनिया में अपना स्थान प्रस्थापित करने के लिए उसकी कोशिश बड़े पैमाने पर जारी है। यह सब देखने के बाद, इतना बड़ा सागरी किनारा हिंदुस्तान में होने के बावजूद, अगर हम इस पर ध्यान नहीं देंगे, इसकी रक्षा नहीं करेंगे, इसको बढ़ावा नहीं देंगे और बढ़ावा देते समय हम environment, प्रोटैक्ट करने की ओर भी ध्यान नहीं देंगे, तो मुझे लगता है कि इस क्षेत्र में दुनिया जो आगे जा रही है, इससे बड़ा मौका भारत को जो मिल सकता है, वह शायद हम खो देंगे। इसलिए कई सालों से यह समस्या इस क्षेत्र में काम करने वाले लोगों के सामने थी और कई सालों से इस तरह की अथॉरिटी या बिल लाने की कोशिश हो रही थी, इस पर हम कामयाब नहीं हुए। मगर मुझे खुशी है कि यू॰ पी॰ ए॰ सरकार ने अपने हाथ में जिम्मेदारी लेने के बाद जिन क्षेत्रों को बढ़ावा देने की बात की थी, इसमें एक्वाकल्चर एक ऐसा क्षेत्र है, जो देश को सम्पत्ति भी दे सकता है, अनाज में वृद्धि भी कर सकता है और साथ-साथ सागरी

किनारे पर रहने वाले लोगों को एक तरह की रोज़ी भी दे सकता है, इसलिए इस बिल को जल्दी से जल्दी सदन के सामने लाने का प्रयास किया गया। हम यह भी सोचते हैं कि जहां खास तौर पर एक फसल लेने की आदत है, वह भी धान की फसल हो, पैडी की फसल हो, आप देखेंगे कि एक फसल लेने वाला जितना क्षेत्र हिंदुस्तान में है, वहां गरीबी सबसे ज्यादा है। वहां किसानों की स्थिति ठीक नहीं है औद इसलिए कोस्टल एरिया में जहां सिर्फ सिंगल फसल लेने की परिस्थिति है, इन लोगों को एक तरह से नए धंधे में जाने के लिए, मदद करने की आवश्यकता है। इनके लिए शायद एक्वाकल्चर ऐसी लाइन हो सकती है, जिससे उनको आर्थिक ताकत मिल सकती है। उनकी परिस्थितियों में सुधार हो सकता है, और वे पहले से ज्यादा उत्पादन देश और समाज के लिए कर सकते हैं, इसलिए ऐसे सभी कामों पर ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है। इसको देखकर सरकार ने यह सोचा है कि जैसे कई साल से देश में दूध की कमी थी, दूध बाल-बच्चों के लिए बहुत ही आवश्यक चीज है, देश में इसका उत्पादन कम था। जब लाल बहादुर शास्त्री जी देश के प्रधानमंत्री थे तब उन्होंने नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड नाम की एक संस्था की स्थापना करने के लिए तय किया। उन्होंने डॉ॰ कुरियन को यह जिम्मेदारी दे दी। इसके लिए भारत सरकार ने बहुत बड़ी राशि भी दे दी और देश के बाहर से भी थोड़ी बहुत मदद आ गई। इससे पूरे देश में ऑरिशन फ्लड नाम की एक योजना इंट्रोडयूज की गई। आज हम देखते हैं कि दुनिया में सबसे ज्यादा दूध का उत्पादन करने वाला देश भारत, एक नम्बर का देश बन गया है। यह परिस्थिति दूध के क्षेत्र में हो सकती है तो हम कह सकते हैं कि एकवाकल्चर के माध्यम से, चाहे कोस्टल एरिया में हो, चाहे मेरीन सैक्टर में हो, जैसे एन॰ डी॰ डी॰ बी॰ की लाइन पर, हम पर इन्फ्रास्ट्रक्चर तय करेंगे, तो यह नई लाइन डेवलप करने में बहुत मदद हो जाएगी। इससे देश का एक्सपोर्ट भी बढ़ सकता है और लोगों को रोजी भी मिल सकती है। इस तरह का एक प्रस्ताव मिनिस्ट्री ने तैयार किया है। हमारी यह कोशिश है और हो सकता है कि इसी साल एन॰ डी॰ डी॰ बी॰ पेटर्न पर फिशरी डेवलपमेंट के लिए, एकवाक्लचर डेवलपमेंट के लिए एक नया इन्फ्रास्ट्रक्चर, नई संस्था, हम तैयार करना चाहते हैं। हम इसे सभी क्षेत्रों में बढ़ावा देना चाहते हैं। मुझे विश्वास है कि इस साल इसका काम शुरू हो सकता है। यहां पर जो कुछ सवाल उठाए गए हैं, एक तो अथोरिटी की बात है, यह बात तो साफ है कि सैन्ट्रल गवर्नमैंट अथॉरिटी की जिम्मेदारी ले सकती है, मगर अथोरिटी भी कुछ तय करने के बाद, इस पर अमल करने के बाद, हमें स्टेट गवर्नमेंट की मदद लेनी पड़ेगी। इसमें स्टेट गवर्नमेंट के को-ऑपरेशन की बहुत आवश्यकता है। इसकी पूरी जिम्मेदारी केन्द्र सरकार, नजरअंदाज नहीं कर सकती। यहां पर एक चिंता जताई गई कि इस क्षेत्र में मल्टी नेशतल कंपनियां आएंगी। आप यह नजरअंदाज नहीं कर सकते कि इस क्षेत्र में काम करने वाले लोगों का क्षेत्र, 90 प्रतिशत लोगों का क्षेत्र , दो हैक्टेयर के अंदर है। दो हैक्टेयर के अंदर कोई मल्टी नेशनल कंपनी के यहां आने की परिस्थिति नहीं है। जहां तक फिशरमैन कोस्टल एरिया की कम्युनिटी है, उनका इन्टरेस्ट सेफगार्ड करने की बात यहां कहीं गई है। यह बिल्कुल बराबर है, मगर मैं, सदन में विश्वास दिलाना चाहता हूं कि क्लॉज-3 में, जो रूल तैयार करने के बारे में प्रोविजन है,. इस रूल के माध्यम से फिशरमैन

के हितों की रक्षा करने के लिए खास ध्यान दिया जाएगा। जैसा कि ड्रिंकिंग वाटर के बारे में कहा गया है और एनवायरेनमेंट के बारे में भी यहां कुछ सुझाव दिए हैं। मैं सदन को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि हम क्लॉज-3 में जो गाइड लाइन तय करेंगे, इन गाइड लाइन्स में, एनवायरेनमेंट प्रोटेक्शन की बातों, ड्रिंकिंग वाटर की बातों और फिशरमैन के हितों की बातों की ओर जरूर ध्यान दिया जाएगा। यहां पर एक सवाल उठाया गया है कि मेंगरो सॉयल के ऊपर कुछ बुरा असर हो जाएगा। मैं बताना चाहता हूं कि मेंगरो पर इसका कोई असर होने वाला नहीं है, क्योंकि मेंगरो सॉयल एसिडिटी में होती है। जहां पर मेंगरो प्लांटेशन है, वह सॉयल एसिडिटिक सॉयल, एक्वाकल्चर के लिए बिल्कुल मददगार नहीं हो सकती है, इसलिए इस पर कोई एकवाकल्चर के लिए जाने की संभावना नहीं है। यहां पर किसानों की अथॉरिटी पर एक रिप्रजेंटेशन देने की बात कही गई है कि सैक्शन-11 (9) में, आपने देखा होगा कि वहां 4 मैम्बर्स, कोस्टल एरिया के होंगे, कोस्टल स्टेटों के होंगे, इसमें उन को रिप्रजेंटेशन दिया है। कोस्टल स्टेट के जो चार प्रतिनिधि इसमें आएंगे, उसमें किसान आ सकते हैं। जो खुद इस तरह के फार्म चलाते हैं, उनको भी इसमें रिप्रेजेन्टेशन देने की कोशिश की जाएगी। आज के इन सभी क्षेत्रों की जो स्थिति है, उसके बारे में भी बहुत कुछ कहा गया है। यह बात सच है कि एक जमाने में, खास तौर से प्रकाश्म् बाकी सभी डिस्ट्रिक्ट्स में, तमिलनाडु में, केरल में, सभी क्षेत्रों में तेजी थी, ठीक कीमत मिलती थी। मगर आज क्षेत्र बढ़ गया है, दुनिया में कंपीटीशन बढ़ गया है, पिछले कई सालों से वहां ठीक कीमत नहीं मिल रही है, इसकी भी शिकायतें आती हैं। इसका कोई रास्ता निकालना है तो हमें अपना एक्सपोर्ट बढ़ाना होगा। एक्सपोर्ट बढ़ाने के लिए अपीडा की एक खास ऑर्गेनाइजेशन भारत सरकार ने बनाई है। जो बिल मैं सदन के सामने लाया हूं, यह बिल, जहां तक कीमत की बात है, इसमें इस पर ध्यान नहीं दे सकते, यह बिल का काम नहीं है। अगर इसके लिए अलग से कोई इंतजाम करने की आवश्यकता है, तो अपीडा के माध्यम से एक्सपोर्ट को ज्यादा बढ़ावा देने पर ध्यान दे सकते हैं। मैंने शुरू में ही कहा कि एन॰ डी॰ डी॰ बी॰ की लाइन पर हम यहां एक दूसरी आर्गेनाइजेशन बनाना चाहते हैं। इसमें प्रोडक्शन को प्रोत्साहन देने, साथ ही इसकी मार्केटिंग और प्रोसेसिंग के लिए भी कुछ इंतजाम करने पर ध्यान दिया जाएगा। आज जो समस्या पैदा हुई है, हम उससे छुटकारा दिलाने की कोशिश करेंगें। यहां एक और समस्या के बारे में बताया कि इसमें क्लॉज 3 और क्लॉज 11 में कुछ कंट्राडिक्शन है। सच बताऊं तो यहां ऐसा कोई कंट्राडिक्शन नहीं है। अथॉरिटी को जो कुछ गाइडलाइन्स दी जाएगी, उसे उन्हीं गाइडलाइंस के माध्यम से काम करना होगा, इसलिए इसमें कंट्राडिक्शन की कोई परिस्थिति नहीं है। नारायणसामी जी ने पूछा कि सपोज अथॉरिटी ने किसी का रजिस्ट्रेशन रिफ्यूज किया, तो क्या अपील के लिए कोई सुविधा नहीं है, तो क्लॉज 13 (11) में, जिसमें रिन्यूअल की सुविधा है, Refusal can be done only after giving an opportunity of hearing. इसमें इसके बारे में साफ प्रोविजन है, इसलिए इसकी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

अच्छे पानी, फ्रेश वाटर का यहां इस्तेमाल हो जाएगा, इसके बारे में भी कुछ बताया गया है। मगर ग्राउंड वाटर, एक्वाकल्चर के लिए, प्रोहिबिट करने के लिए हम गाइडलाइंस में प्रोविजन कर सकते

हैं। हम यह जानते हैं कि अच्छा पानी, ग्राउंड वाटर का इस्तेमाल एक्वाकल्चर के लिए करने की आवश्यकता नहीं है और करना भी नहीं चाहिए। लेकिन इसका कहीं न कहीं प्रोहिबिशन करना हो, तो हम गाइडलाइन में इस पर ध्यान दे सकते हैं। इसमें जो कुछ सुधार करने की आवश्यकता है, उसे हम जरूर देखेंगे।

यहां बताया गया है कि कोस्टल एरिया में काफी जमीन सेलाइन हो गई है। यह जो जमीन सेलाइन हो गई है, इसकी जिम्मेदारी हम एक्वाकल्चर पर नहीं डाल सकते हैं। जो जमीन पहले ही सेलाइन हो गई है, एक्वाकल्चर को बढ़ावा देने से उसे कुछ नुकसान होगा, ऐसा मुझे नहीं लगता है। वसंत चवहाण जी ने कहा कि को-ऑपरेटिव इंस्टीटयूशन्स को यहां एन्क्रेज करने के लिए, थोड़ी सुविधा देने की आवश्यकता है या खास तौर पर कुछ करने की आवश्यकता है। इस संदर्भ में मैं यह आश्वासन सदन को देता हूं कि जब हम रूल्स तैयार करेंगे तो इस पर जरूर ध्यान देंगे। जहां तक खराब सीड्स, खराब मेडिसिन के बारे में यहां कहा गया, उस संदर्भ में मैं इतना ही कह सकता हूं कि बिल इसकी जिम्मेदारी नहीं ले सकता। हम रूल्स पर ध्यान देंगे, लेकिन साथ ही हमारे देश में और भी कानून हैं। जो अडल्ट्रेशन या इस तरह के काम करते हैं, उन्हें कंट्रोल करने के लिए कुछ न कुछ प्रावधान कानून में हैं, इसका यहां इस्तेमाल हो सकता है। इसका इस्तेमाल यहां हो सकता है। मगर इस क्षेत्र में कोई संशोधन नहीं होता, रिसर्च नहीं होता, यह बात सच नहीं है। इंडियन काउंसिल फॉर एग्रीकल्चर रिसर्च में इसी क्षेत्र में बहुत बड़ा काम शुरू है। यहां तक काम हुआ है कि इसमें ट्रांसजेनिक जीन का इस्तेमाल करके एक अच्छी क्वालिटी की सीड इस देश में तैयार करने में हम लोग कामयाब हो रहे हैं। जो काम दुनिया के कई देशों में नहीं हुआ, वह यहां हो रहा है। मुझे विश्वास है कि एक साल-दो साल में इसका प्रसार देश के सभी एक्वाकल्चर के सेक्टर में काम करने वाले किसानों के घर में, इनके क्षेत्र में हो जाएगा। जहां तक मेडिसिन, इसके उत्पादन और इसकी क्वालिटी की बात है, इन सभी में आज इंडियन काउंसिल फॉर एग्रीकल्चर रिसर्च ने बड़ा ध्यान दिया है और इसमें बड़ी कामयाबी इस ऑरगेनाइजेशन को मिली है, जिसका फायदा इन सभी किसानों को अवश्य मिलेगा। इसलिए जहां तक सीड की बात है, जहां तक फीड की बात है और जहां तक मेडिसिन की बात है, इन तीनों क्षेत्रों में हमारा ध्यान रहेगा, यह विश्वास मैं सदन को दिलाना चाहता हूं। यह कदम उठाने की आवश्यकता इससे पहले ही थी। इसमें डिले हो गया। मगर सुप्रीम कोर्ट ने जो गाइडलाईन दी, इनवायरनमेंट प्रोटेक्ट करने के लिए उन्होंने सुझाव दिया और साथ-साथ किसानों के हितों की रक्षा करने की भी आवश्यकता है। इसको इंडस्ट्री के नाम पर ट्रीट करके सीआरजेड में ला कर इस पर एक पाबंदी लाने की जो बात थी, इन सभी से रास्ता निकालने की कोशिश इस बिल में की गई है। मुझे विश्वास है कि यह अथॉरिटी इन सभी क्षेत्रों में ध्यान देगी और जो समस्या आई है, उसे दूर करने के लिए इस अॅथारिटी की और बिल की मदद इस क्षेत्र में काम करने वाले सभी लोगों को मिलेगी और एक नया क्षेत्र देश के सामने, खास तौर पर कोस्टल एरिया में, आज आएगा, जिसका फायदा समाज के गरीब लोगों को, समाज के बेरोजगार लोगों को और एक्सपोर्ट करने के लिए देश को एक नया मौका देने के लिए इसमें जरूर होगा। इसलिए मुझे विश्वास है कि सदन इसको पारित करेगा।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I shall now put the Motion to vote. The question is:

"That the Bill to provide for the establishment of a Coastal Aquaculture Authority for regulating the activities connected with coastal aquaculture in the coastal areas and for matters connected therewith or incidental thereto, be taken into consideration."

The motion was adopted.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: We shall now take up clause-by-clause consideration of the Bill.

Clauses 2 to 27 were added to the Bill.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: We shall now take up clause 1 for cosideration. There is one amendment by the Minister.

Clause 1-Short title and commencement.

SHRI SHARAD PAWAR: Sir, I beg to move:

"That at page 1, line 5, ***for*** the figure "2004" the figure "2005" be **substituted."**

The question was put and the motion was adopted.

Clause 1, as amended, was added to the Bill.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: We shall now take up the Enacting Formula for consideration. There is one amendment by the Minister.

Enacting Formula

SHRI SHARAD PAWAR: Sir, I beg to move.

That at page 1, line 1 ***for*** the word "Fifty-fifth" the word "Fifty-sixth" be **substituted.**

The question was put and the motion was adopted.

The Enacting Formula, as amended, was added to the Bill.

The Title was added to the Bill.

SHRI SHARAD PAWAR: Sir, I beg to move:

That the Bill, as amended, be passed.

The question was put and the motion was adopted.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The House stands adjourned for lunch for one hour.

The House then adjourned for lunch at forty minutes past one of the clock.

The House reassembled after lunch at forty-one minutes past two of the clock. [MR. DEPUTY CHAIRMAN in the Chair.]

Discussion on the working of the Ministry of Consumer Affairs, Food and Public Distribution

MR. DEPUTY CHAIRMAN: We shall now take up discussion on the working of the Ministry of Consumer Affairs, Food and Public Distribution. Shri Uday Pratap Singh to raise the discussion. But where is the Whip? There is no Cabinet Minister.

SHRI JAIRAM RAMESH (Andhra Pradesh): Sir, the Minister is here.

श्री उदय प्रताप सिंह (उत्तर प्रदेश): धन्यवाद, उपसभापति जी। यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है जिस पर आपने मुझे इस बहस को शुरू करने की अनुमति दी है।

जैसाकि अभी आपने कहा, यहां महत्वपूर्ण लोगों को होना चाहिए था, तो मेरे मन में यह सवाल आया और उसे मैं आपके सामने रख रहा हूं। यह बहस आम तौर से दो तरह की होती है— एक तो निर्गुण बहस होती है और दूसरी सगुण बहस होती है। अगर निर्गुण बहस हो और कबीर की भाषा में बोला जाये तो कुछ समझ में आया, कुछ नहीं आया, लेकिन वास्तव में आज जो बहस होनी है, वह हिंदुस्तान के लाखों गरीबों और गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले लोगों से संबंधित है। अब "गरीबी रेखा" यह शब्द भी बहुत प्राचीन हो गया है। आज के संदर्भ में इसका मतलब ही नहीं रह गया है। माननीय उपसभापति जी, आज सुदूर गांवों में ऐसे-ऐसे लोग हैं जिन्हें तीन-तीन दिन खाना नहीं मिलता। महोदय, मेरे पास विभिन्न अखबारों की कटिंग्स हैं जिनमें यह लिखा हुआ है कि पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम का 67 प्रतिशत सामान चोरी चला जाता है। किसी-किसी में यह भी लिखा हैं कि अंत्योदय स्कीम और जो गरीबों को अन्न पहुंचाने वाली स्कीम है, अगर इन्हें बंद कर दिया जाए तो उससे ज्यादा लोगों का हित होगा क्योंकि इन के चलते उन लोगों का ज्यादा नुकसान हो रहा है।

उपसभापति जी, मेरे पास ऐसी कम-से-कम 10-20 प्रकार की खबरें हैं। मैं यह कहना चाहता हूं कि बफर स्टॉक बनाने से लेकर, एफ॰सी॰आई॰ के गोदामों में रख-रखाव, अन्न की खरीदी और वितरण प्रणाली के द्वारा उसे गरीबों तक पहुंचाए जाने का मसला एक विषय है और कंजूमर्स जो गरीबी रेखा के नीचे नहीं हैं, उनके लिए मसला दूसरा है। मैं इन दोनों पर अलग-अलग बात करना चाहता हूं। हमारी सरकार के आंकड़ों के हिसाब से 17 करोड़ परिवार भारतवर्ष में गरीबी रेखा के